गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्र. 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर - 495009 (छ.ग.)

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University Established by the Central Universities Act 2009 No. 25 of 2009)
Koni, Bilaspur - 495009 (C.G.)

राजनीति विज्ञान विभाग

Date 12.12.2022

राजनीति विज्ञान विभाग में नवप्रवेषित छात्र-छात्राओं का परिचयात्मक समारोह आयोजित

राजनीति विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में बी.ए. (ऑनर्स) एवं एम. ए. प्रथम वर्ष राजनीति विज्ञान विभाग के सत्र 2022-23 में नवप्रवेषित छात्र-छात्राओं के परिचयात्मक सत्र का आयोजन 12/12/2022 को विभाग में किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विभागध्यक्षा प्रो.अनुपमा सक्सेना द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई । उन्होंने अपने उद्बोधन में विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों की जानकारी के साथ-साथ विभाग उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. वी. एस. राठौर ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने के साथ ही पाठ्यक्रम में विशेष योग्यता अर्जित करने. अपनी ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग करने की सलाह देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी श्री प्रेमनाथ कमलेश ने छात्रों को करियर पर ध्यान केन्द्रित करने की सलाह देने के साथ ही "स्वावलम्बी छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट" के बारे में विद्यार्थियों को अति महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारियां साझा की।

कार्यक्रम में पधारे समाज विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता प्रो. प्रवीन कुमार मिश्र ने आशीर्वचन के रूप में विद्यार्थियों को संकाय में उपलब्ध सुविधाओं के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय परिवार से जुड़ने हेतु प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को नवजीवन में आगे बढ़ने एवं सफल होने की शुभकामनाओं के साथ, शिक्षा में केन्द्रित रहने का सन्देश दिया। कार्यक्रम में पधारे विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास अधीक्षक्र प्रो. प्रदीप कुमार शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने के साथ ही छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं. कैम्पस में उपलब्ध परिवहन सुरक्षा तथा उच्च शिक्षा ग्रहण हेतु प्रोत्साहन दिया।

कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को विभाग में संचालित कोर्सेस. पाठ्यक्रम, विभागीय गतिविधियों, विभिन्न सुविधाएं, सुरक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति, एंटी रैगिंग कमेटी, परीक्षा प्रणाली, पूर्व छात्र- छात्राओं की उपलब्धियां, एन.सी.सी., एन. एस. एस., तकनीकि जानकारियां, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ छात्र-छात्राओं को विभिन्न कमेटियों के बारे में जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रद्धा गर्ग (सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान) एवं धन्यवाद सम्बोधन श्री राजेश रमन (सहायक प्राध्यापक) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक प्रो. आर. के. प्रधान, डॉ. सांत्वना पाण्डेय, डॉ. राम बाबू, डॉ. अमित कुमार गुप्ता सहित विभाग के समस्त शिक्षक, शोधार्थी एवं नवप्रवेषित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।